भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 858 का उत्तर

हिसार से लुधियाना और जाखल तक रेल सेवा का पुनः आरंभ

858. श्री जय प्रकाश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि रेल गाड़ियाँ संख्या 54632, 54604, 54633, 54635 और 54631, जो हिसार-लुधियाना लाइन और हिसार-जाखल मार्ग पर चलती थीं, लंबे समय से बंद हैं, जिससे दैनिक यात्रियों, छात्रों और मजदूरों को गंभीर असुविधा हो रही है;

(ख) क्या उक्त रेलवे लाइनें ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग हैं;

(ग) क्या इन रेल गाड़ियों के संचालन को पुनः प्रारंभ करने का कोई प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास विचाराधीन है;

(घ) यदि हाँ, तो वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार बढ़ती यात्री मांग को ध्यान में रखते हुए इन रेल गाड़ियों का संचालन शीघ्र पुनः प्रारंभ करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): उत्तर रेलवे के लुधियाना और धुरी स्टेशनों पर चल रहे अवसंरचनात्मक कार्यों को सुविधाजनक बनाने और परिचालन संबंधी संरक्षा के हित में, 54632 धुरी - सिरसा पैसेंजर, 54604 लुधियाना - चुरू पैसेंजर, 54633 सिरसा - लुधियाना पैसेंजर, 54635 हिसार - लुधियाना पैसेंजर की सेवाओं को अस्थायी रूप से 01.12.2025 से 23.02.2026 तक बंद कर दिया गया है।

इसके अलावा, सिरसा-धुरी, लुधियाना चुरू, लुधियाना-सिरसा और लुधियाना-हिसार खंड को क्रमशः 02 गाड़ी सेवाओं, 04 गाड़ी सेवाओं, 04 गाड़ी सेवाओं और 16 गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। ये गाड़ी सेवाएं निम्नानुसार हैं:-

सिरसा-धुरी खंड पर गाड़ी सेवाएं

क्र.सं.	गाड़ी का नाम एवं संख्या
1	54632 सिरसा - धुरी पैसेंजर

2	54633 सिरसा - लुधियाना पैसेंजर

लुधियाना-चुरू खंड पर गाड़ी सेवाएं

क्र.सं.	गाड़ी का नाम एवं संख्या
1	19027/19028 बांद्रा टर्मिनस - जम्मू तवी एक्सप्रेस
2	54605/54604 चुरू - लुधियाना पैसेंजर

लुधियाना-सिरसा खंड पर गाड़ी सेवाएं

क्र.सं.	गाड़ी का नाम एवं संख्या
1	19611/19612 अजमेर - अमृतसर एक्सप्रेस
2	54633 सिरसा - लुधियाना पैसेंजर

लुधियाना - हिसार खंड पर गाड़ी सेवाएं

क्र.सं.	गाड़ी का नाम एवं संख्या
1	19611/12 अजमेर जंक्शन - अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस
2	19613/14 अजमेर जंक्शन - अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस
3	19027/28 जम्मू तवी - कन्याकुमारी एक्सप्रेस
4	14653/54 हिसार - अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस
5	54603 हिसार - लुधियाना जंक्शन पैसेंजर
6	54604 लुधियाना - चुरू पैसेंजर
6	54605 चुरू - लुधियाना जंक्शन पैसेंजर
7	54606 लुधियाना - हिसार पैसेंजर
8	54633 सिरसा - लुधियाना जंक्शन पैसेंजर
9	54634 लुधियाना - भिवानी पैसेंजर
10	54635/54636 हिसार - लुधियाना जंक्शन पैसेंजर

******